तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

11 निर्धारित समय के बाद भी तेज आवाज में बजा रहे थे डीजे...


12 व्यक्ति को योग्य बनाने में घर-परिवार व समाज की...




## खबर संक्षेप

### भाजपा का व्यापारी सम्मान समारोह आज

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मान समारोह में 19 अप्रैल को जामगांव आर (दक्षिण पाटन) मंडल के व्यापारी गांव-गांव से



खूबचंद बघेल भवन अटारी 11 बजे पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। जामगांव आर व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश केला, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद चोरड़िया, सचिव अंगेश्वर साहू ने क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े व्यापारियों से सम्मान समारोह में आवश्यक रूप से शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम केवल व्यापारियों के लिए है। जामगांव आर व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश केला ने व्यापारियों से भेंट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मानना है कि गांव शहर के छोड़े-बड़े व्यापारियों की मेहनत देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। उनका सम्मान करने का सौभाग्य भाजपा को मिल रहा है।

### मां कर्मा महोत्सव व सम्मान समारोह आज

**गुरूर।** तहसील स्तरीय मां कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन 19 अप्रैल को तहसील साहू सदन कोलिहामार में किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। 11 बजे भक्त मां कर्मा की पूजा आरती कर ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक शेष पेज 10 पर

### अपराध : ग्राम कोरगुड़ा में हुई थी भारत लाल देवांगन की हत्या

# बालोद पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, कोंडागांव में पकड़ाया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बालोद पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई। पुलिस को कोरगुड़ा हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। घटना में प्रयुक्त हंसिया (हथियार) जब्त कर लिया गया है। आरोपी गांव का ही निकला। मिली जानकारी के अनुसार थाना बालोद क्षेत्र में ग्राम कोरगुड़ा में फगुवा राम देवांगन की हत्या हुई थी। घटना कारित कर आरोपी फरार था, जिसे कोण्डागांव से पकड़कर बालोद लाया गया। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे त्रिनयन (कैमरा जोड़ो) एप के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली।

- पहले भी हंसिया, टंगिया लेकर लोगों को दौड़ा चुका है आरोपी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले में प्रार्थी भारत लाल देवांगन ग्राम कोरगुड़ा थाना बालोद निवासी ने 12 अप्रैल 2024 को थाना बालोद आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पिता फगुवा राम देवांगन की लाश उनके खेत में पड़ी है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से मारकर उनकी हत्या कर दी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 302 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए टीम के द्वारा ग्राम कोरगुड़ा में जाकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से विशेष संसूचना एवं डॉग स्क्वाड, फिंगर प्रिंट टीम, तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम निरीक्षण किया गया। उसके बाद मास्टर प्लान तैयार कर टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर अज्ञात आरोपी के संबध में गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करना शुरू किया।



### गांव से गायब युवक पर संदेह

इस बीच पुलिस टीम के गांव में कैम्प के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि घटना के बाद से गांव का एक युवक गायब है। इस संबंध में यह भी पता चला कि वह पूर्व में भी किसी महिला पर हंसिये से वार का प्रयास कर चुका है। इसके साथ ही कई बार अपने घर वालों को भी हंसिया, टंगिया लेकर दौड़ा चुका है। इस संबंध में जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम ने उसकी पतासाजी शुरू की। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि संदेही टिकेश तुमरेकी कोण्डागांव में अपने रिश्तेदार के यहां छिपा है। इस पर तत्काल टीम कोण्डागांव रवाना हुई। वहां पहुंचकर संदेही टिकेश तुमरेकी को घेरा बंदी कर पकड़ा गया, जहां से बालोद लाया गया।

### खेत में हुआ विवाद, हंसिया से किया हमला

संदेही टिकेश तुमरेकी से पूछताछ करने पर उसने फगुवाराम देवांगन की हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि वह सुबह अपने घर से गांव की खेत तरफ गया था। खेत में फगुवाराम देवांगन अपने खेत से धान का पैरा लेकर आ रहा था। इस बीच किसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गई। इस दौरान उसने गुस्से में आकर अपने पास रखे हंसिये से फगुवाराम देवांगन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसके बाद वह कोंडागांव भाग गया। आरोपी टिकेश तुमरेकी की निशानदेही पर ग्राम कोरगुड़ा जाकर उसके द्वारा बताई गई जगह से घटना में प्रयुक्त हंसिया बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



# भाजपा के खिलाफ फर्जी वीडियो वायरल, थाना प्रभारी को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विरोधी पार्टियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ फर्जी व कूटरचित विडियो तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल करने वालों के विरूद्ध जांचकर उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

- भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक गंगाधर सोनबरसा व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय साहू ने बताया कि विरोधी पार्टियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगाये जा रहे नारे को तोर–मरोड़कर वीडियो में छेड़छाड़ कर डबिंग, एडिट कर वर्ग विशेष के बारे में मुर्दाबाद का नारा लगाते दिखाया जा रहा है। विपक्षियों का यह कृत्य लोकसभा चुनाव के परिणाम को प्रभावित कर क्षेत्र में वर्ग जातीय हिंसा फैलाने की कोशिश है, जबकी भारतीय जनता पार्टी के शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



खबर संक्षेप

## नेशनल लोक अदालत अब 13 जुलाई व 21 सितंबर को

**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2024 के लिए नेशनल लोक अदालत के लिए तिथि निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत नेशनल लोक अदालत का आयोजन जाना है। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में माह अप्रैल एवं मई 2024 में लोकसभा आम निर्वाचन तीन चरणों में संपन्न किया जाना है। इसके अंतर्गत कार्यपालक अध्यक्ष के अनुमोदन के अनुसार नेशनल लोक अदालत की नई तिथि 11 मई 2024 को परिवर्तित करते हुए अब 13 जुलाई 2024 को निर्धारित की गई है। इसी तरह नेशनल लोक अदालत 14 सितंबर 2024 की तिथि को परिवर्तित करते हुए अब 21 सितंबर 2024 को आयोजित की जाएगी।

## ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ

**भिलाई।** बढ़ती गर्मी को लेकर रेलवे ने सफर करने वाले यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाई है। ट्रेनों में यात्रियो की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ अब मिलेगा। साथ ही यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दुर्ग जबलपुर दुर्ग के मध्य 9 फेरों के लिए ग्रीष्म कालीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का शुरुआत किया जा रहा है। यह ट्रेन दुर्ग से 23 अप्रैल से 18 जून से प्रत्येक मंगलवार को ट्रेन नंबर 01702 के साथ जबलपुर के लिए रवाना होगी। ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन से 9:30 बजे रवाना होकर रायपुर 10:10 बजे, भाटापारा 12.05 बजे, उसलापुर 13:10 बजे, पेंड्रा रोड 14.45 बजे, अनूपपुर 15:30 बजे, शहडोल 16:10 बजे, उमरिया 17.00 बजे साउथ कटनी 19.15 बजे, सिहोरा रोड 20:30 बजे जबलपुर 21:15 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार जबलपुर से दिनांक 22 अप्रैल से 17 जून,2024 प्रत्येक सोमवार को 01701 नंबर के साथ दुर्ग के लिए रवाना होगी । यह गाड़ी जबलपुर से 20:30 बजे रवाना होकर सिहोरा रोड 21:05 बजे, कटनी साउथ 21.35, बजे, उमरिया 22.55 बजे, शहडोल 00.04 बजे, अनूपपुर 00.41 बजे, पेंड्रा रोड 1:20 बजे, उसलापुर 02.50 बजे, भाटापारा 3:45 बजे, रायपुर 5:00 बजे, दुर्ग 6:15 पर पहुंचेगी।

# मौसम साफ होते ही सूरज ने दिखाए तेवर, 41 डिग्री पहुंचा तापमान, सड़कें सूनसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में मौसम के खुलते ही सूरज ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। गुरूवार को 41 डिग्री तक तापमान पहुँच चुका है, जिसके कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। आगामी दिनों में यह तापमान बढ़ते क्रम पर देखने को मिल सकता है।

मौसम लगातार करवट बदल रहा है। कुछ दिनों पहले ही बेमौसम बारिश का असर देखने को मिल रहा था, जिसके कारण तापमान में गिरावट के साथ ही ठंड का एहसास होने लगा था लेकिन अब फिर मौसम परिवर्तित होने के कारण तेज धूप के कारण भारी गर्मी का एहसास होने लगा है। इससे बचने के लिए राहगीरों द्वारा गमछे का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, अधिकांश लोग ठंडे पेय पदार्थों का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। वहीं, ज्यादातर लोग सुबह और शाम को ही सफर कर अपने गंतव्य स्थल तक पहुँचने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। इसलिए दोपहर में आवागमन करने वाले राहगीरों में कमी सड़कों पर देखी जा रही है।

वहीं, सुबह से ही तेज धूप के साथ ही भारी गर्मी का एहसास लोगों को होने लगा है इसलिए लोग जल्दी से अपने काम को खत्म कर घरों में आराम करते नजर आने लगे हैं। इसके साथ ही बच्चों को तेज धूप और लू से बचाने के लिए उन पर घर से बाहर ना निकले, इसलिए छोटे बच्चों पर परिजनों द्वारा निगरानी बरती जा रही है।

### तेज धूप और भारी गर्मी से लोग हलाकान



### फल और जूस की माँग बढ़ी

जिले में गर्मी के कारण गन्ना रस, नीबू पानी जैसे अनेक कोल्डड्रिंक की मांग बढ़ते क्रम पर है, जिसका उपयोग लोग गर्मी से राहत पाने के लिए करते नजर आ रहे हैं। वहीं, बाजारों में फलों की मांग भी बढ़ गई है, ज्यादातर लोग गर्मी से राहत पाने के लिए विभिन्न प्रकार के फल जैसे तरबूज, अंगूर, केले, अनार और सेब की खरीदी करते नजर आ रहे हैं। वहीं, फलों के राजा आम बाजार में पहुंच चुका है। हालांकि आम का दाम अभी आसमान पर है, इसलिए ज्यादातर लोग सिर्फ दाम पूछने के बाद लेने से कतरा रहे हैं।

**लोकसभा चुनाव :** शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाया जा रहा है मतदाता जागरुकता अभियान

# मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंचे जिपं सीईओ मजदूरों को दिलाई मतदान की शपथ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बालोद विकासखंड के ग्राम उमरादाह में सामुदायिक तालाब निर्माण कार्य में कार्यरत 124 श्रमिकों सहित सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मेट एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा बालोद विकासखण्ड के 08 हजार 712 श्रमिक, डौण्डी विकासखण्ड के 11 हजार 315, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 16 हजार 182, गुण्डरदेही विकासखण्ड के 14 हजार 215, गुरूर विकासखण्ड के 10 हजार 329 श्रमिकों सहित कुल 60 हजार 753 श्रमिकों को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन अंतर्गत 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।





# निर्धारित समय के बाद भी तेज आवाज में बजा रहे थे डीजे रोकने पर हुई कहासुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रामनवमी की देर रात डीजे की तेज कानफोड़ आवाज में डांस कर रहे युवाओं को पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने डीजे बंद करने को कहा। इस बात को लेकर युवाओं और पुलिस कर्मियों के बीच तनातनी की स्थिति बन गई। करीब एक घंटे तक युवा पुलिस के अधिकारियों के साथ बहस करते नजर आए।

■ 0 रात 10 बजे तक कम आवाज में डीजे बजाने की दी गई थी अनुमति

पुलिस और युवाओं के बीच विवाद की स्थिति को देखते हुए पुलिस के आलाधिकारी युवाओं को समझाते नजर आए। बुधवार को रामनवमी पर्व के दौरान कुछ संगठनों के युवाओं द्वारा कम आवाज में डीजे तथा धुमाल बजाते हुए नगर भ्रमण करने की बात की। हालांकि उन्हें रात 10 बजे तक के लिए ही अनुमति दी गई थी, लेकिन कुछ युवा रात करीब 11 बजे तक डीजे में थिरकते नजर आए। इस दौरान शहर के मधु चौक के पास पुलिस के आलाधिकारी डीजे बंद कराने पहुंचे, क्योंकि रात 10 बजे तक ही उन्हें अनुमति दी गई थी। इस दौरान पुलिस के द्वारा डीजे बंद कराने की बात को लेकर युवाओं में नाराजगी देखी गई और युवाओं तथा पुलिस के बीच करीब एक घंटे तक विवाद चलता रहा, हालांकि कुछ देर बाद मामला शांत हो गया।



